हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 1 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 अन्नपूर्णा रसोई से गैस सिलेंडर व आटा चुरा...



07 सिरोंज और लटेरी के युवा नेता को राष्ट्रीय स्तर पर...



खबर संक्षेप

2803 विद्यार्थियों को मिलेगी लैपटॉप की राशि

विदिशा। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत जिले के 2803 पात्र विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 सितंबर को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वन-क्लिक के माध्यम से विद्यार्थियों के बैंक खातों में राशि अंतरित करेंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2025-26 की कक्षा 12वीं परीक्षा में पात्र विद्यार्थियों का चयन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने बताया कि कार्यक्रम में विदिशा के 35 विद्यार्थी शामिल होंगे। स्कूलों में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था भी की गई है।

महिलाओं ने किया राखी पर 14 लाख का व्यापार

विदिशा। जिला पंचायत द्वारा मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित राखी मेले में महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार और बाजार का अवसर मिला। जिले की जनपद पंचायतों व निकायों में कुल 102 दुकानें संचालित हुईं। इनमें राखी सहित अन्य उत्पादों की बिक्री से 14 लाख 56 हजार रुपए का कारोबार हुआ, जबकि समूहों ने 4 लाख 96 हजार रुपए की आय अर्जित की। बासौदा में सर्वाधिक 3.25 लाख रुपए की बिक्री हुई। वहीं विदिशा में 1.95 लाख रुपए का कारोबार और 1.10 लाख रुपए की आय दर्ज की गई। मेले से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के साथ आत्मनिर्भरता का आधार मिला।

सीएमएचओ का निरीक्षण एक दिन का वेतन काटा



विदिशा। सीएचएचओ डॉ. रामहित कुमार ने सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सायर का औचक निरीक्षण किया। सुबह 9:50 बजे किए गए निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र बंद मिला। निर्धारित समय पर स्वास्थ्य केंद्र बंद पाए जाने पर सीएमएचओ ने पदस्थ चिकित्सकों और कर्मचारियों की कार्य के प्रति लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीएचसी सायर पर पदस्थ सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीएमएचओ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमजन को उपचार, परामर्श और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। निर्धारित समय पर स्वास्थ्य केंद्र का संचालन नहीं होना मरीजों को मिलने वाली सेवाओं को प्रभावित करता है।

मुश्किल में हैं किसान, सर्वे कराने की उठी मांग

सोयाबीन के पौधों पर इल्ली का हमला, कीटनाशक भी बेअसर, किसानों का दावा 70 से 80 फीसदी फसल हुई बर्बाद, कमर तक बढ़े पौधों पर नहीं आ रहा फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा/ग्यारसपुर

सोयाबीन की फसल पर इन दिनों इल्ली का प्रकोप किसानों के लिए चिंता का बड़ा कारण बना हुआ है। किसानों का कहना है कि महंगे कीटनाशकों का कई बार छिड़काव करने के बावजूद इल्लियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। इससे फसल को भारी नुकसान की आशंका के साथ किसानों की लागत भी लगातार बढ़ रही है।

किसानों ने कृषि विभाग से गांवों में कृषि विशेषज्ञ भेजकर खेतों का निरीक्षण कराने, इल्ली की सही पहचान कर प्रभावी नियंत्रण की सलाह देने और फसल क्षति का सर्वे कराने की मांग की है। साथ ही प्रशासन और बीमा कंपनी से वास्तविक नुकसान का आकलन कर नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निशि जैन ने बताया कि राजस्व विभाग, कृषि विभाग और बीमा कंपनी के अधिकारियों के साथ खेतों में पहुंचकर सोयाबीन की फसल का जायजा लिया गया है। किसानों से चर्चा के बाद पंचनामा तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेज दिया गया है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि फसल में नुकसान होने पर बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।



चार से 5 बार दवा का छिड़काव इल्लियों पर नहीं हुआ नियंत्रण

त्योंदा क्षेत्र के सोसेरा निवासी किसान दीपक प्रजापति ने बताया कि इस बार इल्ली का प्रकोप बेहद गंभीर है। कई खेतों में 70 से 80% नुकसान दिखाई दे रहा है। किसानों ने कोराजन, प्रोफेनोफॉस, एमामेक्टिन बेंजोएट सहित विभिन्न कीटनाशकों का इस्तेमाल किया, लेकिन परिणाम नहीं मिले। पुवारिया निवासी भूपेंद्र गुर्जर ने बताया कि फसल बचाने 4 से 5 बार कीटनाशकों का छिड़काव किया। इल्लियों पर नियंत्रण नहीं हुआ। पतियां नष्ट होने से उत्पादन प्रभावित होगा।

किसान बोले: उत्पादन की उम्मीद कम नजर आ रही

कोलुआ धामनोद के किसान जगदीश गुर्जर ने बताया कि उन्होंने 38 बीघा जमीन में 13 क्विंटल सोयाबीन की बुआई की थी। बीज पर करीब 1 लाख 30 हजार रुपए, बुआई पर 20 हजार तथा इल्ली और अन्य कीटों के नियंत्रण पर 60 हजार के कीटनाशकों के छिड़काव किया। इसके बावजूद फसल इल्ली से बुरी तरह प्रभावित है। सोयाबीन की फसल कमर तक बढ़ चुकी है, लेकिन न फूल दिखाई दे रहे हैं और न फलियां। ऐसे में उत्पादन की उम्मीद कम नजर आ रही है।

युवा कांग्रेस ने आठ दिन का अल्टीमेटम दिया, सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

सरकारी स्कूलों की बदहाली के खिलाफ युवा कांग्रेस ने शुरू किया स्कूल बचाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले के शासकीय स्कूलों में बदहाल व्यवस्थाओं और गिरते शिक्षा स्तर के खिलाफ जिला युवा कांग्रेस ने 'स्कूल बचाओ अभियान' शुरू करने की घोषणा की है। सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन ने अभियान की आगामी रणनीति की जानकारी देते हुए प्रशासन को 8 दिन का अल्टीमेटम दिया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो व्यापक और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

अभियान के तहत युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय स्कूलों का जायजा लेकर वहां की समस्याओं को सामने लाएंगे। स्कूलों की स्थिति से संबंधित फोटो, वीडियो और लिखित शिकायतों के माध्यम से साक्ष्य जुटाकर जिला प्रशासन को सौंपे जाएंगे। संगठन का कहना है कि स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था और अन्य समस्याओं के कारण विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने अभियान को कांग्रेस पार्टी का पूर्ण समर्थन देने की बात कही। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था मजबूत हुए बिना जिले और देश की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने आमजन से अभियान में सहयोग करने की अपील की। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा ने बताया कि आंदोलन की आगामी रूपरेखा को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मुआज़ कामिल, ग्यारसपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश मीणा, महासचिव अभय झा, उपाध्यक्ष मिक्की भावसार सहित कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन ने बताया कि प्रशासन तक पहुंचाकर सुधार की मांग करेंगे। इसके बाद भी प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने अपना नंबर 8839878452 जारी करते हुए कहा की कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर सरकारी स्कूलों की बदहाली के फोटो और वीडियो डालकर हमें जानकारी दे सकता है। इसके अलावा भी स्कूलों में यदि अन्य कोई अव्यवस्था हो तो बता सकता है। उन्होंने कहा की युवक कांग्रेस के पदाधिकारी भी गांवों में जाकर सरकारी स्कूलों की बदहाली उजागर करेंगे।



विदिशा। स्कूल बचाओ अभियान का पोस्टर जारी कर युवा कांग्रेस ने की अभियान की शुरूआत।

बदहाल स्कूलों की फोटो और वीडियो उपलब्ध कराने की अपील

फिर शासन से मिली राशि कहां खर्च हुई

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि 2003 के बाद से ही शासकीय स्कूलों की स्थिति खराब होती चली जा रही है। शासन से स्कूलों में सुविधाएं और जरुरी कार्यों के लिए राशि आ रही है इसके बाद भी स्थिति जस की तस है। कांग्रेस नेता रवि साहू ने कहा कि जिले के प्रत्येक स्कूल को 3-3 लाख रुपए की राशि मिली थी। इस राशि से काम कराने की बजाय राशि की बंदरबांट हो गई और स्कूलों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो सका। आज कई स्कूलों में शौचालय तक नहीं हैं। बाउंड्रीवाल नहीं है स्कूल जर्जर अवस्था में हैं। कई स्कूलों की पुताई तक सालों से नहीं हुई है तो फिर शासन से मिली लाखों रुपए की राशि कहां खर्च कर दी गई। इसकी जांच होना चाहिए।

अभियान राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से प्रेरित है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि इस अभियान के तहत जर्जर स्कूल भवन, स्कूलों में शिक्षकों की कमी। पीने के पनी की कमी, शौचालय की कमी, संसाधनों का अभाव और खराब अधोसंरचना के मामले उठाए जाएंगे।

राहुल गांधी पर एफआईआर के विरोध में कांग्रेसियों ने माधवगंज पर किया प्रदर्शन



विदिशा। माधवगंज चौराहे पर एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद कथित रूप से रैली स्थल के 'शुद्धिकरण' और इसके विरोध में आवाज उठाने वाले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस ने सोमवार को माधवगंज चौराहा पर धरना दिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल सिलाकारी ने कहा कि संविधान समानता, सम्मान और सामाजिक न्याय की गारंटी देता है। ऐसे में किसी भी व्यक्ति या नेता के साथ जातिगत भेदभाव की मानसिकता स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि गलत के खिलाफ आवाज उठाना अपराध नहीं है।

धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि खड़गे की रैली के बाद सभास्थल का कथित 'शुद्धिकरण' सामाजिक भेदभाव और छुआछूत की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना के खिलाफ आवाज उठाने वाले राहुल गांधी के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला कांग्रेस ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने और कथित 'शुद्धिकरण' की घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन जारी रहेगा। धरने में वरिष्ठ कांग्रेसी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मिर्जापुर हादसे के बाद यात्री बस का फिटनेस प्रमाण-पत्र निरस्त

परिवहन विभाग ने की कार्रवाई, नया फिटनेस प्रमाण पत्र मिलने तक परमिट और रजिस्ट्रेशन भी निलंबित

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। मिर्जापुर में रविवार को यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलटने के मामले में परिवहन विभाग ने संबंधित बस के खिलाफ कार्रवाई की है। बस क्रमांक एमएच 11 सीएच 9788 के मालिक राहुल कुमार जैन निवासी बनवार, तहसील जबेरा, जिला दमोह के नाम से जारी फिटनेस प्रमाण-पत्र निरस्त कर दिया गया है। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि हादसे में यात्रियों की सुरक्षा प्रभावित हुई थी। परिवहन विभाग ने यात्री वाहनों की यांत्रिक स्थिति, अग्नि सुरक्षा उपकरण, आपातकालीन निकास, वायरिंग और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का निर्धारित मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य बताया है। नया फिटनेस प्रमाण-पत्र प्राप्त होने तक वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र और परमिट भी निलंबित माना जाएगा।

ई-अटेंडेंस और वेतन संबंधी मांगों को लेकर कृषि विस्तार अधिकारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

विदिशा। मप्र कृषि विस्तार अधिकारी संघ के आह्वान पर कृषि विस्तार अधिकारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। 25 अगस्त से शुरू हुए कार्य बहिष्कार के तहत विदिशा जिले के सभी विकासखंडों के अधिकारी जिला मुख्यालय स्थित उप संचालक कृषि कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे हैं। इससे कृषि विभाग के मैदानी कार्य प्रभावित होने की स्थिति बन गई है। अधिकारियों ने बताया कि ई-एचआरएमएस में ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता, मुख्यालय पर मूलभूत सुविधाओं की कमी और वेतन संबंधी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। इससे पहले ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार, ज्ञापन और कलमबंद कार्य बहिष्कार किया गया। 21 अगस्त को भोपाल के अंबेडकर पार्क में प्रदेश स्तरीय धरना दिया गया, जबकि 24 अगस्त को सामूहिक अवकाश रखा गया था। अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क व तकनीकी सुविधाओं की कमी के कारण ई-अटेंडेंस व्यावहारिक नहीं है। वहीं खाद-बीज वितरण, फसल सर्वे, योजनाओं के क्रियान्वयन और किसानों को मार्गदर्शन के लिए लगातार मैदानी क्षेत्रों में रहना पड़ता है।



फावड़े से पिता की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

ग्राम तलापार में शराब और खाना बनाने की बात को लेकर हुए विवाद में 27 वर्षीय युवक ने अपने पिता की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी। घटना 28 अगस्त की रात करीब 8 बजे की है।

पुलिस के अनुसार चुन्नू उर्फ अरुण अहिरवार का अपने पिता सोमत अहिरवार से विवाद और गाली-गलौज हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पिता के सिर पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बड़े पुत्र अरविंद अहिरवार ने डायल-112 और कुरवाई पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई शुरू की। आरोपी की तलाश के लिए घेराबंदी की गई। आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

विमुक्त जाति दिवस पर शमशाबाद में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

पीएम जनमन की तर्ज पर विशेष कार्यक्रम संचालित कराने का करेंगे प्रयास: विधायक सूर्यप्रकाश मीना

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

विमुक्त जाति दिवस के अवसर पर शमशाबाद स्थित विमुक्त जाति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास में जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ। शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतू समुदायों के उत्थान और उनके लिए संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने कहा कि इन समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ने पीएम जनमन की तर्ज पर विशेष कार्यक्रम संचालित कराने का प्रयास करेंगे। शिक्षा, रोजगार, आवास और मूलभूत सुविधाओं तक इनकी पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी है।



लोक संस्कृति की रंगारंग प्रस्तुतियां: कार्यक्रम में छात्रावास की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। नट समुदाय के कलाकारों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ गायन किया, जबकि बंजारा समाज की बालिकाओं ने लोकनृत्य और पारंपरिक लहंगी नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण जैनब हमीद ने विमुक्त जाति दिवस के महत्व और ऐतिहासिक संदर्भ की जानकारी दी। निरीक्षक नेहा आर्य ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की पात्रता और लाभ लेने की प्रक्रिया बताई। कार्यक्रम में एसडीएम अजय पाठक सहित जनप्रतिनिधि एवं समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने दिए निर्देश

आवेदन का निराकरण दर्ज करना पर्याप्त नहीं, आवेदक की समस्या का वास्तविक समाधान होना चाहिए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त आवेदनों तथा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत ग्रामों में आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने अधिकारियों से लंबित आवेदनों की जानकारी लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल आवेदन का निराकरण दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि आवेदक की समस्या का वास्तविक और संतोषजनक समाधान होना चाहिए। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविरों में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश देते हुए उन्होंने ग्रामवार प्राप्त, निराकृत और लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। जिन मामलों में विभागीय कार्रवाई आवश्यक है, उनमें शीघ्र कार्रवाई करने को कहा।

सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अनावश्यक विलंब रोकने और बार-बार प्राप्त होने वाली शिकायतों की विशेष निगरानी के निर्देश दिए। वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों पर भी समय-सीमा में कार्रवाई कर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने मौके पर जांच अथवा भौतिक सत्यापन वाले मामलों में अधिकारियों को स्वयं या अधिकृत दल के माध्यम से जांच कराने के बाद ही प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में 26 विभागों के अधिकारी अनुविभाग स्तर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े, जबकि सभागार में उपस्थित अधिकारियों ने विभागवार अद्यतन प्रगति की जानकारी साझा की।



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर।

खबर संक्षेप

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने की अपील

गंजबासौदा। नशा करना दीन ऐ इस्लाम में हराम है। 1 सितंबर को नशे के विरोध में नगर में जागरूकता रैली के रूप में एक बहुत बड़ा अभियान नशे के विरोध में शुरू होने जा रहा है। जिसमें नगर के लगभग 45 अधिक धार्मिक , सामाजिक, राजनैतिक,गैर राजनीतिक संगठन समाजसेवी संस्थाएं, शासकीय और अशासकीय संगठन बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने अपील की है कि सभी आने वाली पीढ़ी को नशे के गिरफ्त से बचाने के लिए और युवाओं को ड्रग्स के प्रति जागरूक करने के लिए इस अभियान में सहभागी बने क्योंकि एक बार कोई इस भयानक ड्रग्स के जाल में फसता है तो लौटने का कोई रास्ता नहीं बचता अतः जागरूक करना हमारा भी कर्तव्य है।

जिलाध्यक्ष बने डॉक्टर एके जैन



गंजबासौदा। आयुर्वेदिक चिकित्सा डॉक्टर एके जैन नागरिक सुरक्षा कानूनी सेवाएं के जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए। उन्हें नियुक्ति पत्र एवं परिचय पत्र प्रदान किया गया। प्रदेश प्रभारी जीएस ठाकुर ने बताया कि डॉक्टर जैन को उनकी सामाजिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं एवं रचनात्मक कार्यों के लिए यह दायित्व सौंपा गया। डॉक्टर जैन मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं न्याय एवं अधिकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य रक्षक फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक आर्ची वीर अवार्ड काउंसिल के दिल्ली के सदस्य अनेकों सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदों पर रहकर अपनी निस्वार्थ रूप से कार्य कर रहे। इस उपलब्धि पर इंदौर के डॉक्टर केके पाठक, डॉक्टर एस राणा, डॉक्टर बीडी शर्मा, डॉक्टर आरसी शर्मा, डॉक्टर भार्गव, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विमलचंद ओसवाल, हरिकृष्ण अग्रवाल, गणेश राम रघुवंशी, नीलेश जैन, जगदीश बाबू अग्रवाल, महेंद्र सिंह सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अन्नपूर्णा रसोई से गैस सिलेंडर व आटा चुरा ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन तैयार करने वाली मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के परिसर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा खाद्य सामग्री और गैस सिलेंडर ले जाने का मामला सामने आया है। समिति के कार्यकर्ता मूलचंद कुशवाह ने मामले की शिकायत थाना शहर में आवेदन देकर की है। लेकिन पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई तत्परता नहीं दिखाई है और ना ही अज्ञात चोर के खिलाफ कोई मामला दर्ज किया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि अन्नपूर्णा रसोई की स्थापना नगर के युवा समाजसेवी स्व मगन दुबे द्वारा जन सहयोग से की गई थी जिनका अभी हाल ही में असमय दुखद निधन हुआ है। अन्नपूर्णा द्वारा द्वारा नगर में 9 साल से निराश्रित बेसहाराओं को निशुल्क भोजन कराया जाता है। दो दिन पूर्व अन्नपूर्णा रसोई के परिसर में अज्ञात चोर राशन सामग्री चुरा कर ले गए।

पुलिस को दिए गए आवेदन में समिति कार्यकर्ता मूलचंद कुशवाह ने बताया है कि समिति का कार्यालय फ्रीगंज क्षेत्र में मंदिर के पास स्थित है, जहां गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन



तैयार कर शहर प्रतिदिन निःशुल्क वितरित किया जाता है। कुशवाह ने बताया कि 30 अगस्त को शाम करीब 4 बजे वे भोजन बनवाने के लिए समिति परिसर पहुंचे तो देखा कि टंकी में रखा आटा, एक भरा हुआ गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान गायब था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सामान चोरी किया गया है। आवेदन के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जांच कर सामान बरामद करने और उचित कार्रवाई की मांग की है। अन्नपूर्णा रसोई से सामग्री गायब होने की घटना से समिति से जुड़े लोगों में चिंता है।

वाहनों की आवाजाही रोकने जीआरपी ने स्लीपर डालकर मार्ग किया बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

माल गोदाम क्षेत्र में दोपहिया वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए रेलवे प्रशासन ने स्लीपर डालकर मार्ग को बंद कर दिया है, अब केवल पैदल यात्री ही इस मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। जीआरपी चौकी प्रभारी राहुल यादव का कहना है कि सुरक्षा की दृष्टि के साथ-साथ असामाजिक तत्व रात में माल गोदाम क्षेत्र में आकर अनैतिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं, इसलिए उनको रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

सिटी थाना पुलिस ने नशे के विरुद्ध किया प्रहार

पुलिस ने 11 आरोपियों से की 18 ग्राम ब्राउन शुगर और अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नागरिकों द्वारा नशे के खिलाफ शुरू किए गए जनजागरण और मंगलवार को निकाली जाने वाली विशाल रैली का असर अब नजर आने लगा है। बीती रात पुलिस ने नशे के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर 11 आरोपियों को पकड़ा। जिनके पास से 18 ग्राम ब्राउन शुगर कीमती 180000 रूपए, 117 लीटर अवैध देशी शराब कीमती 117000 रूपए, 30 लीटर कच्ची शराब कीमती 6000 रूपए सहित 32 मोबाइल एवं एक अपाचे बाइक जब्त की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हडकंप मचा है।





पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में बीती रात देहात एवं शहर थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई की। नशे के विरूद्ध कार्रवाई में कुल 11 आरोपियों से पृथक पृथक 18 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर, 117 लीटर अवैध देशी शराब, 30 लीटर कच्ची जहरीली शराब 32 टच मोबाईल, 1 अ पा चे मोटरसाइकिल कुल कीमती करीबन 9,00,000 रुपये की जब्त की गई। सभी आरोपियों पर प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, थाना प्रभारी बासौदा देहात जय कुमार सिंह,उनि राधेश्याम यादव, कमलेश सोनकर, बीएल मालवीय, सउनि राजेन्द्र शर्मा, प्रआर. केके. मिश्रा , हरवेन्द्र सिंह सेंगर, सुरेश रघुवंशी, सतेन्द्र रावत, लाखन सिंह, आर राजकुमार मौर्य, सरमन साहू, अभिषेक शुक्ला, शिवम परिहार, सुमित अवस्थी, राहुल सरवैया, अनिल यादव, रत्नेश रोहित, राहुल शर्मा, मनोज यादव, अजय यादव, धर्मेन्द्र चन्द्रवंशी, चालीराम यादव, प्रवेश जाट, दीपेश यादव, राकेश जाटव, सै. राहुल राजौरिया की भूमिका रही।

दो स्थानों से अवैध शराब, बाइक जब्त

गंजबासौदा। आरोपी मनीष अहिरवार उम्र 32 साल निवासी वार्ड क्र.4 रविदास कालोनी को हरदूखेडी रोड पुलिया के पास खेत की बागड़ से 6 पेटी अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपीगण अर्पित झा उम्र 23 साल निवासी सिरोंज चौराहा एवं बिट्टू झा, मोनू पंथी से 63 लीटर अवैध देशी शराब एवं 1 अपाचे मोटरसाइकिल जब्त कर अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

ब्राउन शुगर, इंजेक्शन, टेबलेट और मोबाइल जब्त

गंजबासौदा। आरोपी रामकुमार पटेल उम्र 42 साल निवासी लक्ष्मीनारायण मंदिर वाली गली बासौदा को पुरानी गल्ला मंडी बंद दुकान के पास से 8.30 ग्राम मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं 32 टच मोबाईलों के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं एक अन्य आरोपी प्यारेलाल अहिरवार उम्र 55 साल निवासी लाल पठार को लाल पठार ओवर ब्रिज के नीचे से 9.66 ग्राम ब्राउन शुगर एवं एविल के 500 इंजेक्शन, 700 सिरिंज एवं 17-18 एविल की टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

कच्ची शराब के साथ पकड़ाए सर्वाधिक आरोपी

गंजबासौदा। आरोपी संतोष अहिरवार उम्र 48 साल निवासी वार्ड क्र.3 नई बस्ती को नया बस स्टैण्ड बासौदा से 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया धारा 49-ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। आरोपी संजीव अहिरवार उम्र 22 साल निवासी लाल पठार बासौदा को रेल्वे ब्रिज के नीचे महागौर रोड बासौदा से 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर, आरोपी अम्मू उर्फ अमन यादव उम्र 25 बेहलोट कालीपठार बासौदा को विश्वंभरा कालोनी भड़ेरू रोड गंजबासौदा से 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर धारा 49-ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। देहात पुलिस द्वारा आरोपीगण भैरोसिंह भोई उम्र 60 साल निवासी ईदगाह रोड एवं वीरसिंह परिहार उम्र 50 साल निवासी ईदगाह रोड को शनि मंदिर जेल रोड बासौदा के पास से 5-5 लीटर कुल 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर धारा 49-ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है। आरोपीगण विक्रम रघुवंशी उम्र 26 साल निवासी ईदगाह रोड एवं जितेन्द्र शर्मा उम्र 30 साल निवासी ईदगाह रोड को 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर 49-ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है।

विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भारतीय किसान संघ द्वारा सोमवार को सोयाबीन फसल में कीट व्याधि एवं अफलन की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि सोयाबीन फसल में कीटनाशक छिड़काव के बाद भी सारा फूल इल्ली खा गयी है, जिससे फसल में फली नाम मात्र लगी है और अफलन की समस्या होने के कारण पौधों में फली नही है। इसलिये शीघ्र सर्वे कराकर सोयाबीन मुआवजा राशि राजस्व की धारा के अनुसार एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि दिलवाई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में चरनोई की भूमि को अतिशीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराया जावे, जिससे पशुओं के चरने हेतु भूमि उपलब्ध हो सके। खाद वितरण की टोकन प्रणाली में पारदर्शिता लाई जावे तथा खाद की उपलब्धता एवं स्टॉक की जानकारी व्हाट्सएप ग्रुप पर अपडेट की जाए।

जयंती व पुण्यतिथि मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में साहित्य, संगीत एवं देशभक्ति से जुड़े महापुरुषों और विभूतियों को याद करते हुए मुंशी प्रेमचंद एवं संत कबीर की जयंती, महान गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि तथा अमर शहीद उधम सिंह का बलिदान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में कैलाश नामदेव ने प्रेमचंद और संत कबीर के साहित्य एवं सामाजिक विचारों को याद करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। सुनील बाबू ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज की वास्तविक परिस्थितियों को सामने रखा, वहीं संत कबीर ने जात-पात और सामाजिक कुरीतियों का विरोध करते हुए मानवता एवं भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि रफी साहब ने अपनी मधुर आवाज और बेमिसाल गायकी से भारतीय संगीत जगत में अमिट पहचान बनाई। कार्यक्रम में शहीद उधम सिंह के बलिदान को भी नमन किया गया। सतीश शिल्पकार ने कहा कि उधम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड का प्रतिशोध लेकर देश के प्रति अपने अदम्य साहस और बलिदान का परिचय दिया।

सेवानिवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह आयोजित


गंजबासौदा



नगर की कृषि उपज मंडी में पदस्थ बडे बाबू सहायक ग्रेड 1 इमरत सिंह राजपूत के सोमवार को सेवानिवृत्त होने पर दादाजी प्लाजा में समारोह आयोजित किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ एडवोकेट रामसिंह राजपूत के ज्येष्ठ पुत्र एवं अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमान सिंह राजपूत के बडे भाई इमरत सिंह राजपूत पिछले 36 वर्ष से मंडी समिति में सेवारत रहे हैं। इस दौरान उनकी कार्यकुशलता, मिलनसार व्यवहार की सभी सराहना करते रहे। विदाई समारोह में भी सभी ने पुष्पहार, उपहार देकर उनका सम्मान किया और उनके कार्यकाल एवं व्यवहार की सराहना की।

सामाजिक कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



अखिल भारतीय गुर्जर महासभा एवं युवा गुर्जर महासभा के तत्वावधान में सामाजिक एकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि युवा गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भाई सोनू पहलवान इंदौर-दूधिया शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 16 सितंबर को भगवान श्री देवनारायण का चल समारोह निकाला जाता है। इस वर्ष यह समारोह 16 सितंबर 2026 को होगा, जिसके निमंत्रण हेतु वह विदिशा आए। उन्होंने अधिक से अधिक समाजबंधुओं से समारोह में पहुंचने का आह्वान किया। इसी अवसर पर पुराने संगठन को मजबूत करने हेतु नियुक्तियां की गईं। गोविंद सिंह गुर्जर प्रदेश उपाध्यक्ष, अभिषेक सिंह गुर्जर, बृजेन्द्र सिंह गुर्जर प्रदेश महासचिव, राहुल गुर्जर, ब्रजेश सिंह गुर्जर प्रदेश सचिव, हेमराज सिंह गुर्जर प्रदेश सहसचिव तथा संदीप सिंह गुर्जर को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। सोनू पहलवान ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूती से खड़ा करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मलखान सिंह गुर्जर, लक्ष्मण सिंह गुर्जर, गोविंद सिंह गुर्जर, अजय सिंह गुर्जर, नेहाल सिंह गुर्जर, संग्राम सिंह गुर्जर, पिंकेश सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

शिक्षकों को दिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रशिक्षण

गंजबासौदा। विकासखंड में शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने तथा शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी उपयोग के उद्देश्य से आयोजित एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड के 70 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न पहलुओं और शैक्षणिक उपयोग की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के लिए शासकीय संदीपनी विद्यालय एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। दोनों विद्यालयों के प्राचार्य महेश सिंह रघुवंशी एवं प्रदीप चौरसिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन की ओर से प्रोग्राम लीडर आदित्य जैन के निर्देशन में एआई एंबेसडर सोमनाथ विश्वकर्मा द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को एआई के व्यावहारिक उपयोग, डिजिटल टूल्स तथा शिक्षा के क्षेत्र में इनके उपयोग की संभावनाओं से अवगत कराया गया।

वेदांत आश्रम में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संस्कृत सप्ताह का बौद्धिक सत्र आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सोमवार को संस्कृत सप्ताह के विश्राम दिवस पर संत श्री जगन्नाथ दास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेदांत आश्रम में बौद्धिक सत्र के अवसर पर महंत हरिहर दास, वेदग्य आचार्य शुभम मिश्र, व्याकरणाचार्य दीपक पांडे, अंग्रेजी शिक्षक अभिषेक शर्मा, कंप्यूटर शिक्षक ऋषि नामदेव, प्राचार्य बाबूसिंह रघुवंशी सहित छात्रगण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

छात्र गोविंद शर्मा, रोहित शर्मा, कृष्णा शर्मा, यश शर्मा, पवन बैरागी ने संस्कृत का महत्व बताया तथा आचार्यों ने भी आधुनिक युग में संस्कृत की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। सत्र के समापन पर आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने उद्बोधन ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है जिस प्रकार मां के बिना किसी का अस्तित्व नहीं इस प्रकार संस्कृत भाषा के बना किसी भाषा का अस्तित्व नहीं यह देव भाषा है। हमारे सनातन की पहचान है संस्कृत भाषा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। संस्कृत ही एक ऐसी भाषा है जो हमें मानवता, प्रेम, सौहार्द, शिष्टाचार, भाईचारा व परोपकार की भावना पैदा करती है। यह सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक भाषा है यह आत्म कल्याण तथा मनुष्य जीवन के लक्ष्य तक पहुंचाने का कार्य करती है, यह सर्वश्रेष्ठ भाषा है विश्व की कोई भी ऐसी भाषा नहीं जो मृत व्यक्ति को पुनः जीवित कर दे। लेकिन भगवान भोलेनाथ ने इसी भाषा के प्रयोग से मरे हुए दक्ष को अपने जीवित कर दिया। यह संस्कारों की जननी है और संस्कार विहीन व्यक्ति तो पशु तुल्य है। जिस प्रकार पत्थर में वेदवानी के उच्चारण व संस्कारों से मूर्ति में देवत्व आ जाता है, उसी प्रकार संस्कृत से व्यक्ति संस्कारित होकर देवतुल्य बन जाता है, इसलिए संस्कृत भाषा सभी के लिए परम आवश्यक है।

हाथों में तख्तियां लेकर सड़क पर उतरेंगे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पिछले पखवाड़े से चल रहे जनजागरण अभियान के बाद होने वाली रैली को व्यापक जनभागीदारी का रूप देने की तैयारी पूरी हो गई है। तीन युवाओं की असमय मौत से नशे के खिलाफ चल रहा जनजागरण अभियान आज निर्णायक रूप में नजर आएगा।

मंगलवार को शाम 4 बजे रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर से निकलने वाली नशामुक्ति जनजागरण रैली में संत सबसे आगे रहेंगे, उनके पीछे संस्कृत विद्यालय के बटुक और फिर हाथों में नशे के खिलाफ संदेश देती तख्तियां थामे नागरिकों का कारवां चलेगा। ज्ञात हो कि शहर में नशे के बढ़ते कारोबार और ड्रग्स की गिरफ्त में फंसते युवाओं को इससे बाहर निकालने के लिए जन चेतना अभियान सक्रिय है। अभियान में सभी विचार धारा के राजनीतिक संगठन, व्यापारिक, धार्मिक और सामाजिक संगठनों के अलावा मजदूर से लेकर आम आदमी तक खुलकर इस अभियान में भागीदारी



दिख रहा है। सोशल मीडिया पर नशे के खिलाफ मामला लगातार ट्रोल हो रहा है। संतों की अगुवाई में सड़कों पर उतरेगा नशे के खिलाफ जन आक्रोश रैली की शुरुआत संतों की अगुवाई में होगी। संतों के पीछे संस्कृत विद्यालय के बटुक अनुशासित कतार में चलेंगे। बटुकों की मौजूदगी रैली को संस्कार और सामाजिक चेतना का संदेश देगी। इसके बाद नागरिक हाथों में तख्तियां लेकर शामिल होंगे। मंगलवार को बासौदा एकजुट होकर सड़कों पर उतरेगा। तीन युवाओं की असमय मौत से झकझोरे नगर में पिछले पखवाड़े से चल रहे जनसंपर्क और जनजागरण अभियान का आज व्यापक स्वरूप दिखाई देगा। शाम 4 बजे रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर से नशामुक्ति जनजागरण रैली का शंखनाद होगा। रैली में संत, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, युवा, महिलाएं और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होकर नशे के खिलाफ सामूहिक आवाज बुलंद करेंगे। रैली में शामिल नागरिकों के हाथों में नशामुक्ति से जुड़े संदेश लिखी तख्तियां रहेंगी। तख्तियों और नारों के जरिए युवाओं को नशे से दूर रखने, परिवारों को जागरूक करने और नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा। रैली से पहले नगर के चारों प्रमुख मार्गों पर एक साथ जनसंपर्क किया गया। आयोजकों ने नागरिकों से रैली में शामिल होने की अपील की गई।

बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुल्हार
पंजीयन क्र 298/11.01.1963 दिनांक 30.08.2026
आम सभा सूचना
बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बड़वासा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 09/09/2026 दिन बुधवार को दोपहर 1 बजे समिति गोदाम भवन कुल्हार पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
सतीश चौधरी — गनेशराम श्रीवास्तव

बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बड़वासा
पंजीयन क्र 4349/30.30.1966 दिनांक 30.08.2026
आम सभा सूचना
बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बड़वासा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 09/09/2026 दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन किसनोदा पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
सतीश चौधरी — अंगद सिंह दांगी

सिरोंज में निकला किन्नर समाज का भव्य भुजरिया चल समारोहः जगह-जगह हुआ स्वागत, ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

किन्नरों का भुजरिया जुलूस देखने उमड़ी भीड़, ढोल-डीजे की धुन पर जमकर हुआ नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में सोमवार को किन्नर समाज द्वारा पारंपरिक भुजरिया चल समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ निकाला गया। भुजरिया जुलूस में शामिल किन्नर समाज के सदस्य सिर पर भुजरिया रखकर ढोल-ढमाकों और डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से निकले। इस अनूठे और आकर्षक चल समारोह को देखने के लिए सिरोंज नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जुलूस के दौरान नगर के प्रमुख बाजारों और चौक-चौराहों पर लोगों की भारी भीड़ नजर आई। भुजरिया चल समारोह की शुरुआत छत्री नाका चौराहा स्थित श्री हनुमान मंदिर से हुई। यहां से जुलूस बामोरा रोड, विद्यार्थी पथ, कठाली बाजार, सराफा बाजार, चांदनी चौक, पुराना बस स्टैंड और हाजीपुर सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ निकला। जुलूस जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया, इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ भी बढ़ती गई। जगह-जगह नगरवासियों एवं समाजसेवी संगठनों द्वारा किन्नर समाज का स्वागत किया गया तथा भुजरिया पर पुष्प वर्षा की गई।



ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

किन्नर समाज के भुजरिया जुलूस को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग इस पारंपरिक आयोजन को देखने के लिए सिरोंज पहुंचे। महिलाओं और बच्चों में भी जुलूस को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। कई स्थानों पर लोग काफी देर तक जुलूस के गुजरने का इंतजार करते दिखाई दिए। जुलूस में शामिल किन्नर समाज के सदस्यों ने पारंपरिक अंदाज में भुजरिया को सिर पर रखकर नृत्य किया। ढोल-ढमाकों और डीजे की धुन पर हुए नृत्य ने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। जुलूस के दौरान कई स्थानों पर लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाए और किन्नर समाज के सदस्यों के साथ सेल्फी लेते हुए भी नजर आए।

जुलूस के दौरान कई बार बनी जाम की स्थिति

भुजरिया जुलूस को देखने के लिए उमड़ी भारी भीड़ के कारण नगर के प्रमुख बाजारों और चौक-चौराहों पर कई बार जाम की स्थिति भी बनी। जुलूस के साथ चल रही भीड़ और सड़क किनारे खड़े लोगों के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। हालांकि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। पुलिसकर्मियों ने लगातार व्यवस्था संभालते हुए यातायात को नियंत्रित किया और जुलूस को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया। भुजरिया चल समारोह में सिरोंज के अलावा अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में किन्नर समाज के सदस्य शामिल हुए।

आकर्षक वेशभूषा और भारी आभूषण रहे आकर्षण का केंद्र

भुजरिया जुलूस में शामिल किन्नर समाज के सदस्यों की आकर्षक वेशभूषा भी लोगों के बीच चर्चा का विषय रही। अलग-अलग रंगों और डिजाइन की पारंपरिक पोशाकों के साथ उन्होंने विशेष श्रृंगार किया हुआ था। वहीं गहनों से सजे किन्नर जुलूस में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भारी-भरकम सोने-चांदी के आभूषण और पारंपरिक सजावट ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। वही चल समारोह के दौरान नगर के विभिन्न चौक-चौराहों और बाजारों में समाजसेवी संगठनों तथा नगरवासियों ने किन्नर समाज का स्वागत किया। लोगों ने भुजरिया पर पुष्प वर्षा की और आयोजन में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाया। स्वागत के दौरान कई स्थानों पर लोगों की भीड़ इतनी अधिक हो गई कि कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन भी प्रभावित हुआ।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक व गुजरात के मोरबी शहर का मिला प्रभार

सिरोंज और लटेरी के युवा नेता को राष्ट्रीय स्तर पर मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि से चर्चा में अतीक मंसूरी ने बताया अपना शून्य से शिखर तक का सफर..

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अतीक मंसूरी को अखिल भारतीय युवा कांग्रेस में राष्ट्रीय समन्वयक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही उन्हें गुजरात प्रदेश के मोरबी शहर का प्रभारी भी नियुक्त किया गया है। सिरोंज-लटेरी क्षेत्र से कांग्रेस संगठन में राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी हासिल करने वाले नेताओं में अतीक मंसूरी का नाम प्रमुखता से सामने आया है। युवा कांग्रेस संगठन ने उन्हें गुजरात के मोरबी में आगामी करीब छह माह तक संगठनात्मक गतिविधियों की जिम्मेदारी सौंपी है। इस दौरान वे संगठन को मजबूत करने, युवाओं को पार्टी से जोड़ने और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का काम करेंगे। उनके कार्यों का संगठन स्तर पर मूल्यांकन भी किया जाएगा। संगठन में उनके प्रदर्शन और कार्यशैली को देखते हुए भविष्य में उन्हें युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी मिलने की संभावना भी जताई जा रही है।

किसान परिवार से निकलकर राष्ट्रीय राजनीति तक पहुंचे

अतीक मंसूरी का राजनीतिक सफर संघर्ष, संगठन के प्रति समर्पण और लगातार मेहनत की कहानी है। सिरोंज क्षेत्र के ग्राम भौंरिया में जन्मे अतीक मंसूरी का परिवार पूरी तरह से गैर-राजनीतिक रहा है। उनके पिता साधारण किसान हैं। एक सामान्य कृषक परिवार से निकलकर राष्ट्रीय राजनीति के मंच तक पहुंचना उनके लंबे संघर्ष और संगठन के प्रति निष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने वर्ष 2010 में एनएसयूआई के एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने संगठन में लगातार अलग-अलग जिम्मेदारियां संभालीं और प्रत्येक स्तर पर अपनी सक्रियता साबित की।





नियुक्ति से सिरोंज-लटेरी में खुशी का माहौल

अतीक मंसूरी को राष्ट्रीय समन्वयक बनाए जाने और गुजरात के मोरबी शहर का प्रभार मिलने की खबर के बाद सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। सोशल मीडिया पर भी उनकी नियुक्ति को लेकर लगातार बधाई संदेश सामने आ रहे हैं। क्षेत्र के युवाओं का कहना है कि एक सामान्य किसान परिवार से निकलकर अतीक मंसूरी का राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना सिरोंज-लटेरी के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

कार्यकर्ताओं के लिए बने प्रेरणा

अतीक मंसूरी की राजनीतिक यात्रा को देखें तो उन्होंने करीब डेढ़ दशक पहले एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में शुरुआत की और संगठन की सीढ़ियां चढ़ते हुए राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी हासिल की। छात्र संगठन से लेकर युवा कांग्रेस, पंचायत और जनपद स्तर तक सक्रिय भूमिका निभाने के बाद अब राष्ट्रीय समन्वयक की जिम्मेदारी मिलना उनके राजनीतिक सफर की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

राष्ट्रीय जिम्मेदारी मिलने पर हरिभूमि से विशेष चर्चा...

युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय समन्वयक बनाए जाने के बाद हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन से विशेष चर्चा में अतीक मंसूरी ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी चुनौती भी है। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा और मेहनत से काम करेंगे। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय कांग्रेस और युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं तथा उन सभी कार्यकर्ताओं को दिया, जिन्होंने उनके राजनीतिक सफर में उनका मार्गदर्शन और सहयोग किया। अतीक मंसूरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी तक पहुंचने में उन्हें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभान भानू, राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, पूर्व सांसद नदीम जावेद, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, राष्ट्रीय नेता विपिन वानखेड़े तथा पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है।

मोरबी की जिम्मेदारी बनी बड़ी चुनौती

गुजरात के मोरबी शहर का प्रभारी बनाए जाने को अतीक मंसूरी के लिए संगठन की ओर से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी माना जा रहा है। छह माह के कार्यकाल के दौरान उन्हें वहां युवा कांग्रेस की गतिविधियों को मजबूत करने, संगठनात्मक ढांचे को सक्रिय करने और युवाओं के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। संगठन में उनके कार्यों और उपलब्धियों का मूल्यांकन भी किया जाएगा। ऐसे में मोरबी का प्रभार उनके राजनीतिक सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है।

अपराध दर्ज होने के बाद से था फरार

7 साल से फरार स्थाई वारंटी पर दीपनाखेड़ा पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

फरार आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना दीपनाखेड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने करीब 7 वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना दीपनाखेड़ा में दर्ज अपराध क्रमांक 174/19, धारा 294, 323 एवं 506 भादवि के प्रकरण में आरोपी रामकृष्ण पिता फित्तूराम अहिरवार, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम रुसल्ली, थाना ईसागढ़, जिला अशोकनगर घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी के लिए थाना दीपनाखेड़ा पुलिस द्वारा लगातार पतारसी एवं तलाश के प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस द्वारा स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की



गतिविधियों एवं संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाई गई। इसी क्रम में पुलिस टीम को सफलता मिली और 30 अगस्त 2026 को आरोपी रामकृष्ण को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पुलिस द्वारा विधिवत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना दीपनाखेड़ा पुलिस द्वारा की गई। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पवार, प्रधान आरक्षक सुल्तान पटेल, प्रधान आरक्षक केशव शर्मा, आरक्षक अमित खेवरिया एवं आरक्षक भूपेंद्र दांगी की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

बीपीएल सूची में नाम जोड़ने के आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत बीपीएल सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को दिए। उन्होंने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कहा कि पात्र आवेदकों के प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर उन्हें प्राथमिकता से बीपीएल सूची में शामिल किया जाए। कलेक्टर ने गांववार बीपीएल सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को सूची की जानकारी मिल सके और पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने पूर्व से सूची में शामिल हितग्राहियों का भी निर्धारित मापदंडों के अनुसार परीक्षण कराने को कहा। अपात्र हो चुके परिवारों के नाम पृथक कर पात्र नए आवेदकों को सूची में शामिल करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के सभी आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण हो।

बालाजी मंदिर में गूंज रहे ब्रजभाषा के बधाई गीत

कृष्ण जन्माष्टमी तक रात 9 से 11 बजे होगा गायन



विदिशा। कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर बालाजी मंदिर में ब्रजभाषा के बधाई गीतों का दौर शुरू हो गया है, जो श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक जारी रहेगा। मंदिर में प्रतिदिन रात 9 से 11 बजे तक श्रद्धालु बधाई गीतों का गायन करते हैं। इसकी खासियत यह है कि गीतों की रचना और गायन दोनों ब्रजभाषा में ही होते हैं।
मंदिर के पुजारी रवि चतुर्वेदी ने बताया कि यह परंपरा करीब डेढ़ सौ वर्ष पुरानी है। उनके दादा जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी पंडाजी ब्रज यात्रा पर गए थे। वहां पुष्टिमार्ग के कवि सूरदास, परमानंद और प्रेमानंद आदि के पदों का गायन सुनकर वे प्रभावित हुए और कुछ दिन रुककर कई पदों को एकत्रित कर विदिशा लाए। इसके बाद भाद्रपद की प्रतिपदा से जन्माष्टमी तक इन पदों के गायन की परंपरा शुरू हुई, जो आज भी जारी है। उनके हाथों से लिखे मूल पद आज भी मंदिर में सुरक्षित हैं। बधाई गीत गाने वाले श्रद्धालुओं को दक्षिणा और मिष्ठान का वितरण भी किया जाता है।

2.1 किलो गांजा रखने वाले आरोपी को दो साल का सश्रम कारावास

विदिशा। विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार शर्मा की अदालत ने गांजा रखने और बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार करने के मामले में आरोपी रवि रजक निवासी विजयनगर कॉलोनी, अहमदपुर रोड, विदिशा को दोषी ठहराते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास और 2 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि 15 जून 2025 को सिविल लाइन थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक प्रकाश चंद चतुर्वेदी को सूचना मिली थी कि अहमदपुर कलारी के पीछे ग्राउंड में रवि रजक गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। तलाशी के दौरान लाल रंग की बोरी में सफेद पन्नी के अंदर से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया। विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध कर सजा सुनाई।

कालिदास को जानो प्रतियोगिता में 57 विद्यार्थियों ने लिया भाग

शासकीय संस्कृत उमावि नीमताल में हुआ आयोजन चयनित विद्यार्थी 3 सितंबर को किए जाएंगे पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा


जिला स्तरीय संस्कृत गौरव दिवस महोत्सव के अंतर्गत शासकीय संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नीमताल में 'कालिदास को जानो' विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 57 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पीएम श्री अटारी खेजड़ा, सुनपुरा, गंजबासौदा, माधवगंज क्रमांक-1 व 2, उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा तथा सांदीपनि विद्यालय बरईपुरा के विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम में निर्णायक एवं अध्यक्षीय भूमिका निभाते हुए गोविंद देवलिया ने संस्कृत भाषा के महत्व तथा कालिदास से जुड़े विदिशा के प्रसंगों पर प्रकाश डाला।



वीपी भट्ट ने संस्कृत शास्त्रों की परंपरा और महाकवि कालिदास के महत्व को बताया। पुनीत संज्ञा ने 'उपमा कालिदासस्य' तथा कालिदास के साहित्य पर विचार रखे। प्रभारी प्राचार्य अर्चना सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। आभार प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने माना। संचालन पुनीत संज्ञा ने किया। चयनित विद्यार्थियों को 3 सितंबर को संस्कृत गौरव दिवस समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास का हुआ अभिनंदन



विदिशा। विदिशा की विरासत समूह और इतिहास संकलन समिति, जिला रायसेन के संयुक्त तत्वावधान में महाबोधि सोसायटी परिसर में प्रख्यात पुरातत्वविद एवं पद्मश्री सम्मानित डॉ. नारायण व्यास का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इतिहास, पुरातत्व एवं भारतीय संस्कृति में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए इतिहासप्रेमियों, शोधार्थियों, शिक्षाविदों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने उनका सम्मान किया। 'विदिशा की विरासत' समूह की ओर से डॉ. व्यास को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। इसमें प्राचीन वैसनगर और ऐतिहासिक बीजा मंडल के पुरातात्विक महत्व, संरक्षण एवं अध्ययन में उनके योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन आचार्य शिवकुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर डॉ. व्यास का सम्मान किया गया। समारोह में वरिष्ठ इतिहासकारों एवं पुरातत्वविदों सहित बड़ी संख्या में इतिहास एवं संस्कृति प्रेमी उपस्थित रहे।

स्वरांजलिः ओ जाने वाले हो सके तो लौट के आना

रात 11 बजे तक चला कार्यक्रम, समाज के 40 गायकों ने अपने स्वरों से श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सुप्रसिद्ध गायक मुकेश माथुर की पुण्यतिथि एवं एसएन श्रीवास्तव तथा एड. देवेन्द्र सक्सेना की पुण्य स्मृति में रविवार रात शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में स्वरांजलि कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम रात 11 बजे तक चला। जिसमें समाज के 40 गायकों ने मुकेश के गाए हुए नगमे सुनाए।

कार्यक्रम का शुभारंभ टीके श्रीवास्तव, सुधा जोहरी ने किया। कार्यक्रम में विदिशा, भोपाल, बासौदा के गायकों ने अपने गीतों के माध्यम से गायक स्व. मुकेश एवं समाज की दिवंगत पुण्य आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। सुधा जोहरी ने झूमती चली हवा गीत गाया। वहीं टीके श्रीवास्तव ने चांदी की दीवार न तोड़ी, लक्ष्मी बंसल ने ये किसने गीत छेड़ा, अतुल जौहरी



ने राम करे ऐसा हो जाए गीत गाया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में अजय श्रीवास्तव ने ओ जाने वाले, सुमन श्रीवास्तव ने आंसू भरी है, अनुपम जौहरी ने ये मेरा दीवानापन और संगीत सक्सेना चेहरे से जरा आंचल गीत सुनाकर श्रद्धांजलि दी। एडवोकेट अतुल वर्मा ने मेरा जूता है जापानी, अनीता श्रीवास्तव ने चांद आहें भरेगा, डॉ. हेमंत और नेहा श्रीवास्तव ने बोल गोरी बोल, रश्मि चौधरी ने कहीं करती होगी गीत गाया। राजेश सक्सेना ने जाने चले जाते हैं कहां, कमल माथुर ने मेरी तमन्नाओ की तकदीर गीत सुनाया। संदीप सक्सेना ने चंदन सा बदन, अविनाश और माधवी ने एक प्यार का नगमा है गीत, संयोग श्रीवास्तव ने पानी रे पानी, विनोद ने श्रीवास्तव जुबां पे दर्द भरी दास्तां, अंजू सक्सेना ने दिल की नजर से, संतोष श्रीवास्तव ने मेहबूब मेरे गीत सुनाया। इसके अलावा सपना राय, अतुल श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव विवेक मीनाक्षी श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, स्वेता श्रीवास्तव, संतोष खुशी सक्सेना, प्रखर श्रीवास्तव, गौरी श्रीवास्तव, सुमेधा श्रीवास्तव, अग्रता श्रीवास्तव सुरभी श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, ब्रज श्रीवास्तव विवेक श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव ने अपने गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा श्रीवास्तव ने किया एवं आभार सभा के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी गायकों को सम्मान पत्र दिए गए। इस दौरान कायस्थ सभा के पदाधिकारी राममोहन श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, विनय सक्सेना, हेमंत श्रीवास्तव, अनुपम जोहरी, सुमन श्रीवास्तव राहुल श्रीवास्तव, अभिनय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

परिवार को मिला सहारा समाजसेवी आए आगे

विदिशा। रक्षाबंधन के दिन कैंसर पीड़ित मूलचंद धाकड़ की मौत के बाद उनकी बेटी ज्योति धाकड़ द्वारा पिता का अंतिम संस्कार किए जाने का मार्मिक दृश्य देखकर मुक्तिधाम सेवा समिति ने परिवार की मदद के लिए पहल की। समिति के सचिव मनोज पांडे ने अंतिम संस्कार से जुड़ी सामग्री और दशाकर्म-त्रयोदशी की आवश्यक व्यवस्थाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराईं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने की जानकारी मिलने पर लायंस क्लब आनंदपुर के सीएल गोयल सहित समाजसेवी पुरनपुरा स्थित ज्योति के घर पहुंचे और आवश्यक गृहस्थी का सामान उपलब्ध कराया। सीएल गोयल ने भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। हिमांगी कोठारी ने भी घरेलू कार्यों में मदद और मासिक आर्थिक सहायता देने की बात कही। ज्योति ने बताया कि पिता मजदूरी करते थे और बीमारी के दौरान परिवार को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। समिति के प्रयास से अब अन्य समाजसेवी भी परिवार की सहायता के लिए आगे आ रहे हैं।

कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित विशनपुर शाखा कुरवाई

पंजीयन क्रमांक 09/30-06-1967 दिनांक 19/08/2026

// एजेंडा वार्षिक आमसभा //

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित विशनपुर के समरस्त अंशाधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 58 वी साधारण सभा दिनांक 03/09/2026 दिन गुरुवार समय दोपहर 1 बजे से स्थान गोडाउन भवन ग्राम विशनपुर में आयोजित की गई है गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

संजीव कुमार दुबे
समिति प्रबंधक

श्री नितिन श्रीराव
प्रशासक

कार्यालय विपणन सहकारी संस्था मर्या. ग्यारसपुर, जिला विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्र./AR/VDS/537/29.12.1995 दिनांक 01/09/2026

क्रं./ आमसभा/2026-27

-: वार्षिक साधारण सभा की सूचना:-

विपणन सहकारी संस्था मर्या. ग्यारसपुर के समस्त डेलीगेटस (व्यक्तिगत एवं संस्थाओं) को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 15/09/2026 दिन मंगलवार को समय 12 बजे स्थान विपणन सहकारी सहकारी संस्था मर्या. ग्यारसपुर के भवन में आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीर्य है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात पुनः होगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं है। आम सभा की सूचना पृथक से समस्त सदस्यों को बाय पोस्ट प्रेषित की गई है।

(अजय कुमार परवरिया)
प्रबंधक
विपणन सहकारी संस्था मर्या.
ग्यारसपुर, जिला विदिशा (म.प्र.)

(किशोर कुमार अहरवाल)
प्रशासक
विपणन सहकारी संस्था मर्या.
ग्यारसपुर, जिला विदिशा (म.प्र.)

कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी सेन्ट्रल इंडिया को-आपरेटिव हॉस्पिटल सोसाइटी लिमिटेड कोलुआ धामनौद, जिला विदिशा

पंजी. क्र. 1375 दिनांक 31.12.2019

निर्वाचन आमसभा की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बावत् विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 12.09.2026 दिन शनिवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थान संस्था कार्यालय पर आयोजित की गई है। दिनांक 05.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक संस्था कार्यालय पर संस्था प्रबंधक विवेक मांझी द्वारा नामांकन पत्र लिये जावेगें। दिनांक 06.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जावेगी। दिनांक 07.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकेगें। तत्पश्चात् अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन रिटर्निंग अधिकारी किशोर कुमार अहरवाल द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

(किशोर कुमार अहरवाल)
रिटर्निंग अधिकारी
सेन्ट्रल इंडिया को-आपरेटिव हॉस्पिटल
सोसाइटी लिमिटेड कोलुआ धामनौद जिला विदिशा

दो तीन माह पहले हुई मरम्मत, बारिश में फिर उखड़ी सड़क

भोपाल-सागर हाईवे समेत तीन प्रमुख मार्गों पर गड्ढों का जाल, हादसों का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर से गुजरने वाले भोपाल-सागर राजमार्ग सहित रायसेन-भोपाल और रायसेन-सांची-विदिशा मार्ग इन दिनों गड्ढों के जाल में तब्दील हो गए हैं। लगातार कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश ने सड़कों की हालत बदतर कर दी है। हैरानी की बात यह है कि इन मार्गों पर करीब दो तीन माह पहले ही मरम्मत और पेंचवर्क कराया गया था। लेकिन बारिश होते ही डामर की परत उखड़ गई और सड़कें फिर से जर्जर हो गईं। अब मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। शहर और जिले के लिए महत्वपूर्ण इन मार्गों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन, यात्री बसें और मालवाहक ट्रक गुजरते हैं।



लोगों का प्रमुख संपर्क मार्ग

भोपाल-सागर मार्ग से होकर जबलपुर, कटनी, सतना, रीवा, मैहर, प्रयागराज और कानपुर यूपी की ओर जाने वाला यातायात भी प्रभावित हो रहा है। रायसेन-सांची-विदिशा और रायसेन-भोपाल मार्ग आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग हैं। लेकिन सड़क पर बने गहरे गड्ढे अब वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। बारिश का पानी इन गड्ढों में भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। खासकर दोपहिया वाहन चालक अचानक गड्ढों में फंसकर संतुलन खो देते हैं। रात के समय स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है।

पहली बारिश में खुली सड़क मरम्मत की पोल

स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब दो माह पहले जिम्मेदार एजेंसी और विभाग द्वारा सड़क के कई हिस्सों में पेंचवर्क और डामरीकरण कराया गया था। उम्मीद थी कि बरसात में लोगों को राहत मिलेगी। लेकिन कुछ ही दिनों की बारिश ने मरम्मत कार्य की गुणवत्ता की पोल खोल दी। जिन स्थानों पर नई डामर की परत बिछाई गई थी।वहां से सड़क दोबारा उखड़ने लगी। लोगों का आरोप है कि यदि गुणवत्ता के मानकों के अनुसार काम किया गया होता तो सड़क इतनी जल्दी खराब नहीं होती। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर लगभग दो तीन माह पहले मरम्मत पर खर्च की गई राशि का फायदा लोगों को क्यों नहीं मिला।

गुणवत्ता जांच की भी उठी मांग

शहरवासियों और ग्रामीणों ने प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से केवल गड्ढे भरने के बजाय दो माह पहले कराए गए मरम्मत कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि हर बारिश के बाद सड़क उखड़ती है और विभाग अस्थायी मरम्मत कर जिम्मेदारी पूरी कर लेता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की वैज्ञानिक और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं हुई तो आने वाले दिनों में स्थिति और बिगड़ सकती है। लगातार बढ़ते यातायात के बीच इन सड़कों की बदहाली सीधे तौर पर लोगों की जान से जुड़ा मुद्दा बन गई है।

गड्ढों में धंस रहे वाहन, टूट रहे कलपुर्जे

शहरवासियों के अनुसार सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण आए दिन दोपहिया और चारपहिया वाहन फंस रहे हैं। कई वाहन गड्ढों में धंसने से उनके सस्पेंशन, टायर और अन्य कलपुर्जों को नुकसान पहुंच रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी बाइक और स्कूटी चालकों को हो रही है। बारिश के दौरान पानी से भरे गड्ढे सड़क जैसे दिखाई देते हैं और वाहन चालक अचानक उनमें पहुंच जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग पर आए दिन छोटे-मोटे हादसे हो रहे हैं। यदि समय रहते गड्ढे नहीं भरे गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने सड़कों की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि शहर की प्रमुख सड़कों की यह स्थिति विकास कार्यों के दावों पर सवाल खड़े कर रही है।

इनका कहना है

सड़कों के गड्ढों को दोबारा जल्द भरवा दिया जाएगा। कुछ स्थानों पर नगर पालिका परिषद की भूमिगत पाइप लाइन के कारण भी गड्ढों में पानी भर रहा है।

रामस्वरूप कागदे, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग, रायसेन

भाजपा जिला कार्यालय से दरगाह तक सड़क छलनी

रायसेन-भोपाल मार्ग पर भाजपा जिला कार्यालय के सामने सड़क जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इसके अलावा चोपड़ा मोहल्ला, संजय नगर, खाद गोदाम मोड़ और दरगाह शरीफ मजार के समीप सड़क की हालत बेहद खराब है। सांची रोड और पाटनदेव क्षेत्र में भी सड़क गड्ढों से छलनी हो गई है। पीएमश्री कॉलेज पाटनदेव की गली से लेकर सोलह क्वार्टर, पीएचई कार्यालय रोड और राहुल नगर तक कई स्थानों पर सड़क की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। कुछ गड्ढों में इतना पानी और कीचड़ भरा है कि उनकी वास्तविक गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल है। वाहन चालक इन गड्ढों से बचने के लिए अचानक ब्रेक लगाने और वाहन मोड़ने को मजबूर होते हैं। इससे पीछे से आने वाले वाहनों के टकराने का खतरा भी बढ़ गया है।

विभागीय कार्यों की समीक्षा की

टीएल बैठक में कलेक्टर के निर्देश गुणवत्ता के साथ हो निर्माण कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने तथा आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया ।

कलेक्टर ने बैठक में राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज राजस्व प्रकरणों को समयावधि में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण कर उनका संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने अथवा औपचारिक कार्रवाई कर प्रकरण बंद करने की प्रवृत्ति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण करने के निर्देश

कलेक्टर विश्वकर्मा द्वारा एमपीआरडीसी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आरईएस तथा अन्य विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में नवनिर्मित तथा निर्माणाधीन सड़कों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मौके पर पहुंचकर सड़कों का नियमित निरीक्षण करें और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करें। निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों और गुणवत्ता का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही जहां कार्य प्रगति पर हैं, उन्हें निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

खबर संक्षेप



सिमरौद में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर पौधरोपण किया

बरेली। निकटवर्ती ग्राम सिमरौद में ग्रामवासियों तथा गायत्री परिवार ने मिलकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। ग्राम के बाहर हरदौल चबूतरा क्षेत्र में वृक्षारोपण करने बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घाट बरहा के महंत मनोहरदासजी, विशिष्ट अतिथि बरेली नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजाभैया चौधरी, केलकच्छ-सिमरौद के सरपंच ब्रजेश पटैल रहे। वृक्षारोपण के पूर्व हनुमान मंदिर पर सभा आयोजित हुई। इसमें गायत्री परिवार के जिला सह समन्वयक भगवान सिंह किरार ने नेपाल त्रासदी में मृत व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि ऐसी भीषण आपदायें रोकने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनको सुरक्षित रखने का संकल्प लेना आवश्यक हो गया है। जिला समन्वयक संतोष धाकड़ ने गायत्री परिवार द्वारा किये जा रहे आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यों की संक्षिप्त जानकारी देकर ग्राम में युवा मंडल के गठन का प्रस्ताव दिया। उपस्थित युवाओं ने इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति दी। सभा के पश्चात महंत मनोहरदासजी ने लगाये जाने वाले पौधों की विधान पूर्वक पूजा की और पीपल का एक पौधा अपने हाथ से लगाया। उपस्थित ग्रामवासियों एवं अतिथियों ने 100 पौधे तैयार गड्ढों में लगाये, साथ में ट्रीगार्ड लगाकर उन्हें सुरक्षित भी किया।

ईद मिलादुन्नबी पर निकाली बाइक रैली और जुलूस

बरेली। 26 अगस्त को रक्षाबंधन त्यौहार के कारण मुस्लिम त्योहार कमेटी ने 30 अगस्त को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकालने का निर्णय लिया था। रविवार को नगर में ईद मिलादुन्नबी की धूम बनी रही बाइक रैली के साथ जुलूस निकाला गया अखाड़े



का प्रदर्शन देखने लोगों में भारी उत्साह रहा। विदुआ कॉलोनी से बैंड बाजो के साथ जुलूस प्रारंभ हुआ आगे बाइक रैली और जुलूस में भारी संख्या में नगर के एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए मुस्लिम बंधु सम्मिलित हुए । मुस्लिम समाज के द्वारा दो अखाड़े निकाले और उनका प्रदर्शन स्थान स्थान पर देखने लोगों में भारी उत्साह रहा। हिंदू उत्सव समिति ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत- ईद मिलादुन्नबी के जुलूस ने नगर की प्रमुख सड़कों पर भ्रमण किया। हिंदू समिति अध्यक्ष दिनेश बबेली अन्य पदाधिकारी द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत के साथ आपसी भाईचारे और सोहार्द के साथ त्योहार मिलजुल कर मनाने की मिसाल पेश की।

ई-केवाईसी नहीं हो पाई तो कल से कॉमर्शियल रेट पर मिल सकता एलपीजी गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर सहित जिले में गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए 31 अगस्त अंतिम तिथि भी तय की गई थी। हालांकि नई तिथि घोषित नहीं होने के बाद अब यह तय हो गया है कि जिन्होंने इस तिथि में ई-केवाईसी नहीं कराई है उन्हें सितंबर माह से कॉमर्शियल दर यानी 1897 रुपए में गैस सिलेंडर मिल सकता है। वर्तमान आंकड़े बताते हैं कि अभी तक शहरी क्षेत्रों में 85 फीसदी लोगों ने ई-केवाईसी करा ली है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र इस मामले में पिछड़े हुए हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार और गैस कंपनियों द्वारा लगातार ई-केवाईसी कराने को सूचना जारी की जा रही है। पहले इसके लिए 23 अगस्त अंतिम तिथि घोषित की गई थी इसके बाद इसके आगे बढ़ाते हुए 31 अगस्त कर दी गई थी। शहरी क्षेत्र में 85 से 90 प्रतिशत केवायसी हुई है। तहसील कस्बों और ग्राम पंचायतों में सिर्फ 80 फीसदी हो चुकी है।

ये होगा नुकसान

जिला फूड अधिकारी राजू काटोलकर बताते हैं कि ई-केवाईसी न कराने पर ऐसे उपभोक्ताओं की गैस की सप्लाई बंद तो नहीं होगी।मगर दो गुना ज्यादा दाम चुकाना पड़ सकता है। जो घरेलू गैस अभी 948.50 रुपए में मिल रही है उसके 1897 रुपए तक चुकाने पड़ सकते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में आ रही दिक्कतें

जानकारों का कहना है कि ई-केवाईसी मामले में ग्रामीण क्षेत्रों में थोड़ा दिक्कतें आ रही हैं। यहां अधिकतर मजदूर वर्ग रहता है जो दिन भर अपने काम धंधे में चला जाता है फिर शाम को ही लौटता है। इसके अलावा अधिकांश ग्रामीणों को ई-केवाईसी कराना भी नहीं आता है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में ई-केवाईसी का आंकड़ा बमुश्किल 85 प्रतिशत तक ही पहुंच सका है।

एसडीएम ने अधिकारियों के साथ किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

5 सितंबर को सजेगा जिला स्तरीय जन विश्वास कैंप

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आगामी 5 सितंबर को सलामतपुर थाना क्षेत्र के समीपस्थ गांव दीवानगंज में एक भव्य जिला स्तरीय जन विश्वास कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण अंचल के लोगों की विभिन्न समस्याओं का मौक़े पर ही त्वरित निराकरण करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुंचाने की विशेष पहल की जा रही है। कैंप के सफल संचालन, व्यापक तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए सोमवार शाम रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा, स्थानीय तहसीलदार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने मौके



पर पहुंचकर संभावित आयोजन स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की रूपरेखा तय करते हुए वहां मंच, बैठक व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग तथा अलग-अलग विभागों के स्टॉल लगाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए

एसडीएम मनीष शर्मा ने निरीक्षण स्थल पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कैंप में आने वाले ग्रामीणों और आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने ताकीद की कि आयोजन स्थल पर छाया, पानी और बैठने जैसी सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध होनी चाहिए। इसके साथ ही, संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का समय पर और पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षक दिवस पर 30 शिक्षकों का किया जाएगा सम्मान

सिलवानी। शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर परिषद सिलवानी द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर नगर परिषद द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। नगर में नगर परिषद के तत्वावधान में प्रतिवर्ष शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सांदीपनि विद्यालय में आयोजित होने वाले समारोह में हाल ही में शासकीय सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य शिक्षकों को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान प्रदान किया जाएगा। आयोजन में करीब 30 शिक्षकों का सम्मान किए जाने की जानकारी दी गई है। नगर परिषद द्वारा समारोह को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और नगर के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रहेगी। नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने नगर के सभी शिक्षकों से शिक्षक सम्मान समारोह में सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का आग्रह किया है।

यादव समाज का कृष्ण जन्मोत्सव चल समारोह शनिवार को

सिलवानी। यादव समाज विकास परिषद द्वारा परंपरा अनुसार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को भव्य चल समारोह और सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यादव समाज समिति सिलवानी के अध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दोपहर के समय नगर के कांठिया मंदिर परिसर से चल समारोह प्रारंभ होगा। यह चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों . बस स्टैंड, गांधी चौक,बुधवारा बाजार, होली चौक, शनिचरा मौहल्ला से गुजरता हुआ जमुनिया पुरा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर पहुंचेगा। वहां चल समारोह का समापन होगा और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके बाद प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न होगा, जिसमें शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष दिनेश यादव ने सभी समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

जंगली सुअर के झुंड ने फसल की बर्बाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

किसानों का कहना- हो रहा नुकसान

जंगली सुअरों के झुंड खेतों में घुसकर मक्का और मूंगफली कीदेशी ककड़ी आदि फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों का कहना है कि फसल अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुई है। लेकिन जंगली सुअरों के कारण खेतों में काफी नुकसान हो रहा है। किसान पुरुषोत्तम आदिवासी नवनीत कुशवाहा ने बताया कि पिछले 8 से 10 दिनों से दिन और रात जंगली सुअरों का आतंक खेत में बना हुआ है। उन्होंने बताया कि जंगली सुअरों ने मक्का, मूंगफली ककड़ी की फसल को बुरी तरह तबाह कर दिया है। अभी मक्के में भुट्टे भी पूरी तरह नहीं आए हैं, इसके बावजूद लगातार जंगली सुअर खेत में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के क्षेत्र के किसान इन दिनों जंगली सुअरों के झुंड से परेशान हैं। शहर के सुअरों के झुंड भी फसलों को पिछले एक सप्ताह से लगातार जंगली और शहर के सुअरों का झुंड इस क्षेत्र के खेतों में लगी मक्का और मूंगफली फसल को खराब कर रहा है। बुधवार-गुरुवार को फसलों का ज्यादा नुकसान होने पर इसकी सूचना वन विभाग और राजस्व विभाग के अमले को दी गई। जहां मौके पर वन अमले ने पहुंचकर जंगली और शहरी सुअर के झुण्डों से फसल खराब होने की पुष्टि की है। किसानों की मानें तो पिछले आठ दिनों से जंगली और शहर के सुअर का झुंड खेतों में आ रहा है ।

डीजे की धुन पर जमकर थिरके किन्नर, जगह जगह हुआ स्वागत

किन्नर समाज ने निकाला भुजरिया चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में सोमवार को किन्नर समाज द्वारा कजलिया पर्व पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शगुन मैरिज गार्डन मुखर्जी नगर से डीजे, ढोल नगाड़ों की थाप पर दोपहर बाद किन्नर समाज द्वारा भव्य भुजरिया जुलूस निकाला गया, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। किन्नरों का भुजरिया जुलूस किन्नर नायक तमन्ना जान के नेतृत्व में निकाला गया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे धजे किन्नर की टोलियां ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते शहर की सड़कों से गुजरे। जगह जगह लोगों ने जुलूस पर फूलों की बरसा कर किया जोरदार स्वागत। जुलूस में शामिल किन्नरों में खासा उत्साह नजर आया। ढ़ोलनगाडों की थापों पर सड़कों पर किन्नरों द्वारा





जलवा दिखाते थिरकते दिखे। सागर भोपाल तिराहे पर श्री हिउस बैनर तले अध्यक्ष रवि खत्री मनोज अग्रवाल संजय खत्री अनिल चौरसिया आदि ने बरसाए फूल किया स्वागत।

जुलूस के दौरान आकर्षक श्रृंगार और पारंपरिक नृत्य देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भारी भीड़ जमा रही। कई लोग अपने मोबाइल फोन से इस खास आयोजन के फोटो और वीडियो बनाते नजर आए। जुलूस जिस मार्ग से गुजरा, वहां उत्सव जैसा माहौल बन गया। किन्नरों के इस जुलूस में राजधानी भोपाल, रायसेन सीहोर, सागर, जबलपुर विदिशा कटनी आदि जिलों के किनारों ने वाहनों में बैठकर शामिल हुए। कजलिया पर्व को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। विभिन्न क्षेत्रों से निकले चल समारोह में पारंपरिक भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। ढोल-नगाड़ों और संगीत की धुनों पर लोग झूमते रहे। किन्नर समाज का जुलूस पूरे आयोजन में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ निकले इस चल समारोह ने रायसेन की सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं को एक बार फिर जीवंत कर दिया। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने कजलिया पर्व के उत्साह को और खास बना दिया। किन्नरों के भुजरिया जुलूस भारत माता चौराहे सांची रोड़ पहुंचा। सड़कों पर दोनों तरफ भारी जनसैलाब उमड़ा। आस्था परंपरा भव्य नजारा देखने को मिला।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर होगी मटकी फोड़ इनामी प्रतियोगिता

बरेली। रामलीला मैदान में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेले की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई ।बैठक में आगामी धार्मिक त्योहारों को उत्साह पूर्वक मनाने के साथ 4 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बड़ा बाजार में इनामी मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। चलेगा सदस्यता अभियान- हिंदू उत्सव समिति की बैठक में चुनाव से पूर्व सदस्यता अभियान चलाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। युवाओं को नए सदस्य बनाए जाने के प्रस्ताव का सभी के द्वारा समर्थन व्यक्त किया गया। इनामी मटकी फोड़ प्रतियोगिता- 4 सितंबर को नगर के प्राचीन श्रीजी मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का उत्साह उमंग के साथ जन्मोत्सव मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। हिंदू उत्सव समिति द्वारा बड़ा बाजार में 15000 की पुरस्कार राशि वाली मटकी फोड़ प्रतियोगिता रखी जाएगी। बैठक में हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति रही।